पेज थ्री
देहरादून

एक्ट्रेस सुष्मिता मुखर्जी परमार्थ निकेतन में स्वामी चिदानंद सरस्वती के साथ।

देहरादून, शुक्रवार 22 नवंबर, 2019





# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 दिसंबर को

**(सवांददाता)** देहरादून। सचिव सिविल जज (सी0डि0) जिला विधिक सेवा प्राधिकारण देहरादून नेहा कुशवाहा ने अवगत कराय है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकारण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशानुसार जनपद के समस्त न्यायालयों में समनिय मुकदमों का सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारण किये जाने हेतु 14 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत में फौजदारी, दीवानी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, परिवाद, 138 एन0आई0एक्ट आदि ऐसे सभी प्रकृति के वादों का सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारित किये जा सकते हैं।

### 30 दिन के भीतर अपने निर्वाचन व्ययों का ब्यौरा पेश करें प्रत्याशी

**(सवांददाता)** देहरादून। डीएम व जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशों के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन–2019 में निर्विरोध उम्मीदवार निर्वाचन लड़ने वाले समस्त उम्मीदवार अपने से सम्बन्धित निर्वाचन व्यय पंजिका, समस्त बाउचर्स शपथ पत्र को नोटरी से सत्यापित कराकर अन्तिम निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तिथि के 30 दिन के भीतर अपने निर्वाचन व्ययों का ब्यौरा सम्बन्धित सहप्रभारी अधिकारी निर्वाचन व्यय पर नियंत्रण से प्रमाणित कराकर, पंचस्थानी चुनावालय कचहरी परिसर देहरादून में जमा कराना अनिवार्य होगा।

### टीएचडीसी के निजीकरण को उत्तराखण्ड के बलिदान पर कुठाराघात बताया

**(सवांददाता)** देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश प्रवक्ता गरिमा महरा दसौनी ने केन्द्र एवं राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जिन पॉच कम्पनियों की हिस्सेदारी बेचने की मंजूरी मिली है, उसमें से टीएचडीसी भी एक है। दसौनी ने कहा कि जिस उत्तराखण्ड के एक पूरे शहर की सभ्यता ने बिजली के एक बॉध के खातिर जल समाधि ले ली हो अगर आज केन्द्र सरकार उसके निजीकरण या विनिवेश की बात कर रही है, ये उत्तराखण्ड के स्वाभिमान पर कुठाराघात है।

### एक माह के भीतर मरीना को संचालन की स्थिति में लाया जाएगा

**(संवाददाता)** देहरादून। टिहरी झील में सात मई को डूबे फ्लोटिंग मरीना को निकालने पर नौ लाख रुपये खर्च होंगे। टिहरी के जिलाधिकारी के प्रस्ताव पर लोक निर्माण विभाग ने इस पर काम करना शुरू कर दिया है। लोनिवि के प्रमुख अभियंता हरिओम शर्मा के अनुसार एक माह के भीतर मरीना को संचालन की स्थिति

# उत्तराखण्ड तेजी से फिल्म हब के रूप में हो रहा विकसित

**फिल्म उत्सव**

राज्य में एकल खिड़की के माध्यम से शूटिंग के लिए सभी सुविधाएं दी जा रही

कॉन्कलेव में कई नामी निर्माता, निर्देशकों एवं कलाकारों द्वारा प्रतिभाग किया

**संवाददाता**

पणजी/देहरादून। गोवा में आयोजित 50वें अंतरराष्ट्रीय भारत फिल्म उत्सव में फिल्म बाजार में गुरूवार को मुख्य कार्यकारी अधिकारी फिल्म विकास परिषद्, उत्तराखण्ड के सूचना महानिदेशक डा. मेहरबान सिंह बिष्ट ने कहा कि राज्य में फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के नेतृत्व में तेजी से कार्य किया जा रहा है, एवं एकल खिड़की के माध्यम से शूटिंग के लिए सभी सुविधाएं दी जा रही हैं। फिल्म बाजार में आयोजित विशेष सत्र में बोलते हुए डॉ. बिष्ट ने कहा कि उत्तराखण्ड तेजी से फिल्म हब के रूप में विकसित हो रहा है और बालीवुड से लेकर दक्षिण भारत से भी निर्माता यहां आकर शूटिंग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी फिल्म नीति में अनेक



गोवा में आयोजित 50वें अंतरराष्ट्रीय भारत फिल्म उत्सव के दौरान उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद के अधिकारी।

आकर्षक सुविधाएं दी जा रही है और सरकार ने मसूरी में फिल्म कॉन्कलेव आयोजित कर बालीवुड को यहां आर्कषित किया है। उक्त कॉन्कलेव में कई नामी निर्माता, निर्देशकों एवं कलाकारों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

सत्र में बोलते हुए बालीवुड की एक्टर और गायक रूपदुर्गापाल ने कहा कि बालीवुड में रहने वाले उत्तराखण्ड के निर्माता, निर्देशक एवं कलाकार भी इस प्रदेश को एक बेहतर फिल्म हब बनाने के लिए प्रयास कर रहे हैं और उत्तराखण्ड में राज्य सरकार द्वारा फिल्म उद्योग को जो सुविधाएं दी जा रही है उससे यह क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक सयुंक्त प्लेटफार्म पर उत्तराखण्ड के बालीवुड में रह रहे फिल्म से जुड़े सभी लोगों को आगे आकर इस प्रदेश के लिए कार्य करना होगा और ब्रांड एम्बेसडर बनकर अपनी भूमिका निभानी होगी। फिल्म कलाकार चित्रांशी रावत ने इस मौके पर उत्तराखण्ड के नैसर्गिक स्थलों का व्यापक प्रचार की जरूरत बताते हुए कहा कि देश दुनिया में फिल्मों को यहा शूटिंग के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। उन्होंने बालीवुड के निर्माताओं, निर्देशकों से भी यहां शूंटिंग के लिए आने पर जोर दिया।

इस विशेष सत्र में बोलते हुए मुख्यमंत्री के औद्योगिक सलाहकार के.एस.पंवार ने कहा कि राज्य सरकार फिल्मों को उद्योग का दर्जा देने के लिए तेजी से कार्य कर रही है। प्रदेश में रेल, सड़क और हवाई कनेक्टीविटी को सुदृढ़ किया जा रहा है। फिल्म जगत से जुड़े लोगों को विशेष प्राथमिकता देकर उनकी शूटिंग में पूरी सहायता की जा रही है। पंवार ने कहा कि क्षेत्रीय बोली में फिल्मों के साथ ही हिन्दी भाषा की फिल्मों को भी राज्य सरकार द्वारा अनुदान देना शुरू कर दिया गया है।

### भारतीय फिल्म एवं टीवी एक्ट्रेस सुष्मिता मुखर्जी पधारी परमार्थ निकेतन

**(संवाददाता)** ऋषिकेश। अहमदाबाद, गुजरात से तीन दिनों की पर्यावरण यात्रा पर आयी रैग पिकर्स बहनों को आज परमार्थ निकेतन से विदाई दी गयी। उन बहनों ने तीन दिनों तक यहां रहकर तीर्थ सेवन का लाभ लिया। रैग पिकर्स बहनों ने गंगा स्नान, ध्यान, योग, सत्संग के साथ ऋषिकेश और उत्तराखण्ड की संस्कृति से परिचित हुई। उन सभी का नेत्र और कैंसर विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य परिक्षण किया तथा उन्हें स्वच्छता का प्रशिक्षण भी दिया गया। मस्तीजादे, रब्बा, मैं क्या करूं जैसी यादगार फिल्मों में अभिनय करने वाली सुष्मिता मुखर्जी और शेमारू भक्ति सर्विसेस के अध्यक्ष अमित शाण्डिल्य ने परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती और जीवा की अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव साध्वी भगवती सरस्वती जी से भेंट कर विख्यात परमार्थ गंगा आरती में सहभाग किया। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी महाराज ने कहा कि हमारी यही संस्कृति है कि सब मिलकर रहें। जिस प्रकार गंगा में जो कुछ मिलता है वह गंगा बनकर उसके साथ बहनें लगता है तथा गंगा में अनेक धारायें आती हैं और सभी गंगा में समाहित हो जाती हैं वैसे ही आज समाज की प्रत्येक धारा को साथ लेकर चलना होगा। रैग पिकर्स को सामान की नहीं बल्कि सम्मान की जरूरत है। परमार्थ निकेतन में सभी रैग पिकर्स बहनों का सम्मान किया गया तथा सभी बहनों को साड़ियां भेंट की गयी।

### कुम्भ पर्व में देवी-देवताओं की डोली व प्रतीक चिन्हों को सम्मिलित करने की मांग

**(सवांददाता)** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में देवभूमि लोक संस्कृति विरासतीय यात्रा समिति के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। समिति के संरक्षक विद्या दत्त रतूड़ी ने विगत वर्षों 2010 व 2016 में आयोजित कुम्भ पर्वों की भांति ही वर्ष 2021 में आयोजित होने वाले कुम्भ पर्व में उत्तराखण्ड के देवी –देवताओं की डोली व प्रतीक चिन्हों को सम्मिलित करने के लिए अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने समिति को इस हेतु शासन की ओर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

# सीएम ने फिल्म 'सौम्या गणेश' का मुहूर्त शॉट लिया

**शूटिंग**

- उत्तराखण्ड को प्रकृति से सुन्दरता का वरदान प्राप्त है: सीएम

देहरादून। **सवांददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में पद्मा सिद्धि फिल्म्स एवं जेएसआर प्रोडक्शन हाउस द्वारा उत्तराखण्ड में शूट की जा रही फिल्म ''सौम्या गणेश'' का मुहूर्त शॉट लिया। फिल्म के निर्देशक अवनीश ध्यानी एवं छायांकन निर्देशक हरीश नेगी हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री




फिल्म ''सौम्या गणेश'' के मुहूर्त शॉट के दौरान सीएम।

त्रिवेन्द्र ने कहा कि उत्तराखण्ड को प्रकृति से सुन्दरता का वरदान प्राप्त है, यहां की प्राकृतिक सुन्दरता और खूबसूरत वादियां फिल्म प्रोड्यूसर्स के लिए आकर्षण का केन्द्र बनती जा रही हैं। साथ ही फिल्म निर्माताओं को सहयोग देने के लिए राज्य सरकार हमेशा तत्पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फिल्म निर्माताओं की सुविधा के लिए उत्तराखण्ड सरकार द्वारा फिल्म पॉलिसी लागू की गई है। उन्होंने कहा कि यह पॉलिसी फिल्म प्रोड्यूसर्स को बहुत ही पसंद आ रही है। फिल्म निर्माताओं को फिल्म निर्माण में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए प्रदेश में प्रभावी सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया गया है, जिसके माध्यम से 3–4 दिनों में ही सभी प्रकार की क्लीयरेंस दे दी जाती हैं। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि राज्य में फिल्म, टीवी सीरियल आदि की शूटिंग को बढ़ावा देने के लिए फिल्म कॉन्क्लेव आयोजित किया गया था जिसके अच्छे परिणाम देखने को मिल रहे हैं। बहुत से फिल्म प्रोड्यूसर प्रदेश में शूटिंग करने के लिए आकर्षित हो रहे हैं। इस समय प्रदेश में बहुत सी फिल्मों की शूटिंग चल रही है, और बहुत सी फिल्मों की शूटिंग शुरू होने जा रही है। दून के खलंगा में आज फिल्म की शूटिंग की गई।




### दिव्यांगजनों को तोहफा

**(सवांददाता)** देहरादून। प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को तोहफा देने जा रही है। उन्हें कृषि और आवास के लिए भूमि आवंटन में पांच फीसद कोटा दिया जाएगा।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।